न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर
प्रार्थना पत्र रेस्टो.(विविध) – 04/2021
(GCMS No. - 2021/88)

अनवानः

श्रीमति अन्जिमन पत्नि श्री अजीमदीन निवासी ग्राम झझु तहसील कोलायत जिला बीकानेर।।

बनाम

1. थानाराम वल्द फूसाराम जाट निवासी झझु तहसील कोलायत जिला बीकानेर।
2. गवरा देवी धर्मपत्नि अर्जुनराम जाति जाट(जाखड़) निवासी सेवड़ी तहसील व जिला नागौर।
3. सरपंच ग्राम पंचायत झझु तहसील कोलायत।
4. स्टेट ऑफ राजस्थान।

24.09.2021

अभिभाषक अपीलांट श्री शिवकुमार श्रीमाली उपस्थित। राजकीय अभिभाषक उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मैं अन्य अदालत में व्यस्त होने के कारण समय पर अदालतवाला में उपस्थित नहीं हो सका। अतः अपील दिनांक 04.08.2021 को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज की गई थी, को पुनः आगामी कार्यवाही हेतु रेस्टोर की जावे। प्रथमतः रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो।

हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन व मनन किया। यह पत्रावली लम्बे समय से जवाब एवं प्रार्थना पत्र पेश होने के अभाव एवं रेस्पोडेन्ट्स के निमित सम्मन/नोटिस प्रस्तुत नहीं होने के कारण लम्बित चली आ रही है। अभिभाषक अपीलांट ने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र के साथ भी वांछित दस्तावेज संलग्न प्रस्तुत नहीं किये है। यह अपील पूर्व में भी अदम हाजरी और अदम पैरवी में खारिज होने के पश्चात् पुनः रेस्टोर की जा चुकी थी। अतः पुनः रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार करना उचित नहीं समझते हुए उक्त रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड निर्णय की प्रमाणित प्रति सहित लौटाया जावे। पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

संभागीय आयुक्त
बीकानेर